# कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति, बलरामपुर।

पत्रांक–कृ0उ0म0स0/सफाई कार्य/2026– 25 दिनांक– 07/05/2026

## निविदा की सूचना

वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए कृषि उत्पादन मण्डी समिति बलरामपुर के नवीन मण्डी स्थल, बलरामपुर के खाद्यान्न, फल–सब्जी मण्डी एवं सम्पूर्ण परिसर की सफाई कार्यो हेतु अनुभवी सफाई ठेकेदारों से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से आनलाइन निविदा दिनांक 08/05/2026 को आमन्त्रित की जाती है। ई–टेण्डरिंग के माध्यम से आनलाइन निविदा वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 08/05/2026 के पूर्वान्ह 11:30 बजे से दिनांक 22/05/26 के अपरान्ह 12:00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है, तद् दिनांक को समय सांय 4:00 बजे तक सफाई कार्यो की निविदा की तकनीकी बिड में अपलोड किये गये अभिलेख/प्रपत्र की हार्डकापी एवं सचिव कृषि उत्पादन मण्डी समिति बलरामपुर के पक्ष में बन्धक एफ0डी0आर0 मूलरूप से कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। सफाई कार्यो की निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 23/05/2026 को अपरान्ह 12:00 बजे तक खोली जायेगी। तकनीकी बिड उपयुक्त पाये जाने पर वित्तीय बिड दिनांक 23/05/2026 को अपरान्ह 2:00 बजे तक कृषि उत्पादन मण्डी समिति बलरामपुर के कार्यालय में खोली जायेगी। कार्यो का विवरण निम्नवत् है:–

| कमांक | मण्डी समिति का नाम | सफाई कार्य का स्थान | अनुमानित लागत वार्षिक धनराशि (रू0 में) (जी0 एस0टी0 अलग से देय है) | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र धनराशि (रू0 में ) | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | बलरामपुर | नवीन मण्डी स्थल बलरामपुर की खाद्यान्न फल–सब्जी मण्डी एवं कार्यालय, आवास, सड़क नाली एवं सम्पूर्ण परिसर। | 10,80,199.25 | 108020.00 | 295.00 जी0एस0टी0 सहित | कार्य प्रारम्भ करने की तिथि से मार्च 2027 तक |

1. बिडिंग डाक्यूमेन्टस/नियम व शर्ते आनलाइन www.etender.up.nic.in पर प्राप्त/देखी जा सकती है।
2. निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार, मण्डी समिति बलरामपुर में निहित होगी।
3. किसी प्रकार के विलम्ब/तकनिकी समस्या के लिए मण्डी समिति उत्तरदायी नही होगी।

सचिव
कृषि उत्पादन मण्डी समिति
बलरामपुर ।

29/4/26
अपर उपजिलाधिकारी/सभापति
कृषि उत्पादन मण्डी समिति
बलरामपुर

**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. विज्ञापन व्यवस्थापक, दैनिक जागरण, बलरामपुर एवं हिन्दुस्तान समाचार पत्र, बलरामपुर को इस आशय से प्रेषित किया जाता है कि समाचार पत्र के एक दिन के अंक में 07×09 सें0मी0 स्थान में सरकारी दर पर प्रकाशित कर बिल भुगतान हेतु प्रस्तुत करें।
2. सभापति/अपर उपजिलाधिकारी, मण्डी समिति बलरामपुर/उपनिदेशक (निर्माण) मण्डी परिषद, गोण्डा/सम्भागीय लेखाधिकारी, मण्डी परिषद बस्ती/सदस्य निविदा समिति को इस अनुरोध के साथ कि दिनांक 23/05/2026 को अपरान्ह 2:00 बजे मण्डी समिति कार्यालय में उपस्थित होकर निविदा कार्य सम्पन्न कराने का कष्ट करें।
3. उपनिदेशक (प्रशा0/विप0) मण्डी परिषद बस्ती को सादर सूचनार्थ।
4. कार्यालय मण्डी समिति/नगर पंचायत/नगर पालिका/तहसील के सूचना पट्टो पर चस्पा हेतु।

सचिव
कृषि उत्पादन मण्डी समिति
बलरामपुर।

# नवीन मण्डी स्थल, बलरामपुर की सफाई ठेका हेतु टेण्डर (2026–27)

(सफाई ठेकेदार द्वारा भरा जायेगा) मूल्य रू0–295.00 (जी0एस0टी0 सहित)

सेवा में,

सचिव / सभापति
कृषि उत्पादन मण्डी समिति,
बलरामपुर।

7आर संख्या:–
दिनांक:–

महोदय,

मैं नवीन मण्डी स्थल बलरामपुर की सम्पूर्ण परिसर की सफाई का कार्य ठेका के आधार पर करने का इच्छुक हूँ। मेरे द्वारा सफाई ठेके की शर्तो को अच्छी तरह से पढ़कर समझ लिया है। प्रतिदिन सफाई से निकलने वाले कूडे को उठवाकर मण्डी समिति से बाहर प्राधिकरण द्वारा निर्धारित स्थान पर डालने की जिम्मेदारी मेरी होगी। सफाई कार्य सन्तोषजनक होने तथा कूड़ा बाहर डालने की दशा में ही माह की सफाई का बिल तभी भुगतान किया जायेगा। निधारित शर्तो के अधीन सफाई का कार्य करने हेतु मेरे द्वारा ऑनलाइन डाली गयी प्रतिमाह की दर से करने के लिए तैयार हूँ। धरोहर की धनराशि रू0–108020.00 (एक लाख आठ हजार बीस रूपये मात्र) का एफ0डी0आर0 / एन0एस0सी0 संख्या:–..................... दिनांक ............... संलग्न है।

हस्ताक्षर–

नाम:–

पिता का नाम:–

पता:–

मोबाइल नं0:–

# तकनीकि निविदा

1. निविदादाता निविदा की समस्त शर्तो का पालन करेगा, शर्तो का पालन न किये जाने पर अथवा कार्य संतोषजनक न होने की स्थिति में मण्डी समिति द्वारा की गयी कटौती/दण्ड उसे स्वीकार होगा।
2. निविदादाता पूर्ण निष्ठा से सदभावनापूर्वक कार्यो का सम्पादन करने के लिए दायित्वधीन होगा।
3. जिलाधिकारी द्वारा दिया गया चरित्र प्रमाण–पत्र संलग्न है/नहीं, संख्याः–.......................... . दिनांक ............................
4. जिलाधिकारी द्वारा दिया गया हैसियत प्रमाण–पत्र/बैंक इन्सोलवेन्शी (Bank Insolvency) संलग्न है/नहीं, संख्याः–................................ दिनांकः–...............................
5. पैन नम्बर, जी0एस0टी0 नम्बर संलग्न है/नहीं, संख्याः–............................................... दिनांकः–......................................................
6. अनुभव प्रमाण–पत्र संलग्न है/नहीं, संख्याः–.............................दिनांकः–................................ ....
7. संलग्न जमानत राशि एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 (जो सचिव कृषि उत्पादन मण्डी समिति, बलरामपुर के नाम बन्धक हो) धनराशि रू0–.......................... दिनांक.................. बैंक का नामः–........................................
8. निविदादाता के निम्नलिखित उपकरण उपलब्ध है, अथवा उसके द्वारा किराये पर लिये गये है, का विवरण–
   (अ) कूड़े के निस्तारण के लिए ट्रेक्टर/डम्पर/ट्रक ...........................................................
   (ब) मैकेनिक लोडर ..........................................................................................
   (स) कूड़ा ढोने की छोटा हाथ का ठेला ......................................................................
   (द) अन्य उपकरण जो शर्तो में निर्धारित किये गये हों ............................................................ ...

निविदादाता के हस्ताक्षरः–

निविदादाता का नामः–

मोबाइल नम्बरः–

आधार कार्ड संख्याः–

# नवीन मण्डी स्थल, बलरामपुर में वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु सफाई कार्य के नियम एवं शर्तेः–

1. एक व्यक्ति द्वारा एक ही स्थल की सफाई के लिए एक ही टेण्डर दिया/स्वीकार किया जायेगा।
2. सफाई ठेके की अवधि वित्तीय वर्ष 2026–27 (कार्य प्रारम्भ होने से 31 मार्च 2027) तक मान्य होगी।
3. निविदादाता को अपना चरित्र प्रमाण–पत्र (जो जिलाधिकारी से जारी हुआ हो और छः माह से अधिक पुराना न हो) तीन वर्ष का टर्न ओवर/अनुभव प्रमाण–पत्र तथा श्रम विभाग का पंजीयन प्रमाण–पत्र तथा सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण–पत्र, हैसियत प्रमाण–पत्र संलग्न कर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
4. ठेकेदार को निर्धारित संख्या में सफाई श्रमिक कार्य पर लगाने होगे, जिसमें से कोई भी अल्पवयस्क तथा बाल श्रमिक नही होना चाहिए। साथ ही सफाई व्यवस्था में प्रयोग होने वाले संयन्त्र जैसे, झाड़ू, ठेला, फावडा, डलिया, ब्लीचिंग पावडर, चूना एवं सफाई में प्रयोग होने वाली अन्य सामग्री की व्यवस्था करनी होगी।
5. मण्डी स्थल में लगाये गये सफाई श्रमिक से सम्बन्धित समस्त प्रकार की देयता का उत्तरदायित्व ठेकेदार का होगा।
6. ठेकेदार को अन्तरिक सडकों, खुले स्थान, नीलामी चबूतरों तथा व्यापारिक दुकानों के सामने पडे शेडों की दैनिक रूप से सफाई करानी होगी, इसके अतिरिक्त नाली/नालों की दैनिक सफाई करनी होगी, और एकत्रित कूडे को मण्डी स्थल से बाहर स्थानीय निकाय द्वारा नियत स्थान पर निस्तारित करना होगा।
7. मण्डी स्थल में सड़े गले पदार्थ, मृत जानवरों का निस्तारण मण्डी स्थल से बाहर करना होगा।
8. मण्डी स्थल के अन्दर यदि सीवर लाइन पड़ी है तो उसकी सफाई करनी होगी। ताकि जल भराव न हो।
9. मण्डी परिसर में समस्त भवनों की छतों एवं डाउन पाइपों की सफाई दो बार (नवम्बर एवं मई में) अनिवार्य रूप से करनी होगी।
10. मण्डी स्थल में निर्मित मूत्रालयों/शौचालयों आदि की भी सफाई नियमित रूप से करनी होगी।
11. दुकानों/शडों के आसपास अनावश्यक खर पतवार/घास की सफाई करनी होगी।
12. सफाई करने का समय इस प्रकार निश्चित किया जायेगा कि व्यापारिक कार्य बाधित न हो और नियमित रूप से सफाई होती रहे।
13. मण्डी स्थल में वॉछित स्थानों पर कीटनाशक दवाओं एवं ब्लीचिंग पावडर का छिडकाव करना होगा।
14. ठेकेदार को एक उपस्थिति पंजिका मण्डी परिसर कार्यालय में रखना होगा, जिसमें सफाई कर्मी अपनी उपस्थिति दर्ज करेंगे, जिसकी जॉच समय–समय पर मण्डी सचिव अथवा उनके द्वारा अधिकृत व्यक्ति द्वारा किया जायेगा।
15. सफाई व्यवस्था की निगरानी के लिए व्यापारियों और मण्डी कर्मचारियों की एक समिति ''सफाई निगरानी समिति'' के नाम से सभापति, मण्डी समिति द्वारा बनायी जायेगी। जिसमें प्रत्येक सेक्टर का एक–एक व्यापारी और कर्मचारी होगें। ''सफाई निगरानी समिति'' मण्डी स्थल की सफाई का नियमित रूप से पर्यवेक्षण करेगा और किसी प्रकार की कमी पाये जाने पर लिखित सूचना सचिव/सभापति, मण्डी समिति को देगा।
16. सफाई ठेका का भुगतान मासिक रूप से किया जायेगा जो ''सफाई निगरानी समिति'' की रिर्पोट के अधीन होगा।

क्रमशः 02 पर

17. निर्धारित संख्या से कम मजदूर लगाये जाने पर सचिव को ठेकेदार के बिल से मजदूरी की कटौती करते हुए उसे नोटिस दिया जायेगा तथा नियमित तीन दिनों तक कम मजदूर लगाये जाने की स्थिति में सफाई की संस्तुति पर करण बताओं नोटिस देते हुए जमानत राशि जब्त कर ली जायेगी इसके अतिरिक्त सफाई संतोषजनक न होने की स्थिति में उपरोक्तानुसार कार्यवाही की जायेगी।

18. मण्डी स्थलों में गन्दगी एवं आवारा पशुओं के दृष्टिकोण से संवदेनशील स्थानों को चिन्हित करते हुए उनकी चेक लिस्ट बनाकर नियमित रूप से निगरानी समिति द्वारा पर्यवेक्षण किया जायेगा। रिपोर्ट संतोषप्रद होने पर ही भुगतान किया जायेगा।

19. कार्य संतोषजनक न होने की दशा में जमानत राशि मण्डी समिति के पक्ष में जब्त करने तथा ठेका निरस्त करने का अधिकार मण्डी समिति में निहित होगा।

20. ठेकेदार को लेबर सेस, विभागीय कर/आयकर/जी0एस0टी0 एवं अन्य करों तथा शासकीय देयताओं का भुगतान करना होगा। आशय यह है कि भुगतान करते समय समस्त प्रकार के करों की कटौती स्रोत पर करते हुए धनराशि उनके बिल से काटकर सम्बन्धित विभाग में नियमानुसार जमा करायी जायेगा।

21. समय–समय पर निर्गत शासनादेशों/मण्डी परिषद एवं मण्डी समिति द्वारा दिये गये आदेशों/निर्देशों का पालन निविदादाता को करना होगा।

22. मण्डी स्थलों हेतु स्वीकृति धनराशि से 15 प्रतिशत कम की निविदा एवं एकल निविदा नहीं होगी।

23. मण्डी समिति बलरामपुर में धरोहर धनराशि रू0–108020.00 की मूल एफ0डी0आर0/रोकड़ बचत पत्र, जो सचिव कृषि उत्पादन मण्डी समिति बलरामपुर के नाम बन्धक हो।

24. ठेकेदार/फर्म द्वारा सफाई कार्य में लगाये गये कर्मियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रत्येक दिन सुबह एवं शाम को दर्ज कराई जायेगी, जिसकी जॉच समय–समय पर मण्डी सचिव अथवा उनके द्वारा अधिकृत कार्मिक द्वारा की जायेगी। तदनुसार ठेकेदार/फर्म को भुगतान किया जायेगा।

25. सभी सफाई कर्मचारियों को मासिक पारिश्रमिक/वेतन का भुगतान उनके बचत खातों में आनलाइल ठेकेदार द्वारा स्थानान्तरित किया जायेगा तथा ठेकेदार द्वारा पिछले माह का वेतन सभी कर्मचारियों के खातों में स्थानान्तरित किए जाने का साक्ष्य प्रस्तुत करने के उपरान्त ही ठेकेदार को अगले माह का सफाई का भुगतान किया जायेगा।

26. सभी सफाई कर्मचारियों के ईपीएफ/ईएसआई आदि की कटौतियों का साक्ष्य ठेकेदार द्वारा समिति कार्यालय को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जायेगा।

27. ठेकेदार/फर्म द्वारा सफाई कार्य में लगाये गये सफाई कर्मियों को "न्यूनतम मजदूरी भुगतान सहित सभी संगत विधिक प्राविधानों " का पालन करना अनिवार्य होगा।

28. सफाई व्यवस्था हेतु उपरोक्त बिन्दुओं/शर्तो को अनिवार्य रूप से ठेके की निविदा की शर्तो में सम्मिलित किया जाय।

सचिव
कृषि उत्पादन मण्डी समिति
बलरामपुर

# कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति बलरामपुर

सफाई–निविदा आवेदन पत्र का प्रारूपः–(वित्तीय वर्ष 2026–27)

(फार्म मूल्य रू0–295.00)

1. मण्डी का नामः–कृषि उत्पादन मण्डी समिति बलरामपुर तथा जनपदः–बलरामपुर।
2. निविदादाता (फर्म/प्रो0) का नाम एवं पताः–............................................................................
3. पिता का नामः–.............................. मो0 नं0ः–..............................
4. अ–पूरा स्थायी पताः–
   ब–अस्थायी पता व मो0 नं0ः–..............................................................
5. निविदा की दर प्रति माह रू0ः–..............................................................(शब्दो में):–...........................................................................................
6. कार्य की अवधिः–कार्य निविदा स्वीकृत होने की तिथि से .............................. तक
7. संलग्नक जमानत की धनराशि का विवरणः–..............................................................
8. संलग्नक प्रमाण–पत्रः–
   I.चरित्र प्रमाण–पत्र (जिलाधिकारी द्वारा जारी जो 06 माह से अधिक पुराना न हो। ...............................
   II.निवास स्थान का प्रमाण–पत्रः–..............................................................
   III.श्रम विभाग में पंजियन सं0 (छायाप्रति संलग्न कर) ..............................................................
   IV. तीन वर्ष का टर्न ओवर एवं अनुभव प्रमाण–पत्र ..............................................................
   V. हैसियत प्रमाण पत्र–..............................................................
   VI.अन्य कोई अनुभव ..............................................................
9. कार्य का संक्षिप्त विवरण –नवीन मण्डी स्थल के सम्पूर्ण परिसर की सफाई खरपतवार/घास की सफाई निर्मित शौचालयो /मूत्रालयो आदि की नियमित सफाई आन्तरिक /वाहय नाला/नाली/सीवर लाईन की सफाई तथा निविदा फार्म के साथ संलग्न शर्तो एवं समिति द्वारा समय–समय पर दिये गये निर्देशों के क्रम में सफाई का कार्य।
10. सफाई की अधिकतम विभागीय दर रु–..............................प्रति माह हैं।
11. टेण्डर फार्म के साथ जमानत धनराशि–108020.00 का सावधि प्रमाण–पत्र जो टेण्डरदाता के नाम एवं सचिव. कृषि उत्पादन मण्डी समिति बलरामपुर के नाम बन्धक हो जमा करना अनिवार्य होगा। यदि निविदादाता के नाम निविदा स्वीकृत हो जाती है तथा निविदादाता द्वारा कार्य आदेश प्राप्त करने के उपरान्त कार्य प्रारम्भ नही किया जाता है तब उसकी जमानत धनराशि जब्त करते हुए निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
12 .शशार्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी।
13 .मै एतदद्धरा घोषणा करता हूँः–
   अ–जहॉ तक मेरी जानकारी में है, उक्त सभी सूचनायें मेरे द्वारा सही तथा तथ्यों के आधार पर भरी गयी है।
   ब–मैने उ0प्र0 कृषि उत्पादन मण्डी अधिनियम–1964 नियमावली तथा इसके संशोधनों तथा तद्धीन बनाई गयी उपविधियों की जानकारी कर ली है।
   स–मै0/फर्म एतदद्वारा यह बचन देता/देती हूँ कि मै मण्डी समिति के अधिनियम नियमावली एवं उपविधि के अधीन ही कार्य करूंगा, साथ ही साथ यदि मै कोई ऐसा कार्य करता हूँ या करने की कोशिश करता हूँ जिसके द्वाराशासन अथवा समिति के नियमों एवं शर्तो का उलंघन होता है, तो ऐसी दशा में समिति को यह पूर्ण अधिकार होगा, कि वह मेरे विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करें, तथा इस सम्बन्ध में जो निर्णय समिति लेगी वह मेरे लिए मान्य होगा।
   (निविदा के नियम एवं शर्त भली–भांती पढ़ व समझ लिया है और मान्य है।)

दिनांकः–..............................

स्थानः–..............................

निविदादाता के हस्ताक्षर ..............................

निविदादाता के (मुहर सहित) ..............................

निविदादाता का पूरा पता ..............................

मो0 नं0 ..............................

Signature Not Verified
Digitally signed by VINAY KUMAR SAROJ
Date: 2026.05.08 17:21:26 IST
Location: Uttar Pradesh-UP